सरस्वति नमस्तुभ्यं
वरदे कामरूपिणि।
विद्यारम्भं करिष्यामि
सिद्धिर्भवतु मे सदा।।

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक149 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 16 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

देश के स्वर्णिम भविष्य के लिये हर बूथ से भाजपा की जीत सुनिश्चित करना है - डॉ ढालसिंह बिसेन

गांव चलो अभियान को लेकर सांसद बिसेन ने सुकतरा मंडल के सिल्लेर पहुंचकर करणीय कार्य संपन्न किये

सिवनी यशोः- भाजपा केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के संयुक्त तत्वावधान में गाँव चलो अभियान प्रारंभ किया गया है इस अभियान के माध्यम से हर बूथ पर 60 प्रतिशत वोट प्राप्त करना पार्टी का लक्ष्य है और पार्टी की मंशा के अनुसार प्रत्येक कार्यकर्त्ता जि मेदारी से काम कर रहा है । देश के स्वार्णिम भविष्य के लिये पूरे देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बने इसके लिये हमे पूरी क्षमता से जुटना है । विकसित और सुदृढ़ भारत की आधारशिला हमारे नेतृत्व द्वारा रख दी गयी है इसे परिणाम तक पहुँचाने के लिये केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाना आवश्यक है । इस आशय की बात बालाघाट - सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने गांव चले अभियान के दौरान बरघाट विधानभा के सुकतरा मंडल के ग्राम सिल्लोर में प्रवासी कार्यकर्त्ता के रूप में प्रवास के दौरान कही गयी ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन गांव चलो अभियान के तहत प्रवासी कार्यकर्त्ता के रूप में ग्राम सिल्लेर पहुँचे थे जहाँ रात्रि विश्राम करते हुये पार्टी द्वारा निर्धारित करणीय कार्यो को संपन्न किया । उन्होंने अपने सिल्लेर बूथ के प्रवास के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने-अपने बूथों पर संकल्प लेकर लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसना है। कार्यकर्ता ही हमारे लिए सर्वोपरि है। हम सब भाजपा की विचारधारा में कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ता है। मिशन-2023 विधानसभा चुनाव में बूथ मेंटीनेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में प्रचण्ड जीत के साथ मिली अब हमें इसी प्रकार के लक्ष्य को लेकर लोकसभा चुनाव में कार्य करना है। सांसद बिसेन ने अपने प्रवास के दौरान बूथ सदस्य से चर्चा कर बूथ सशक्तिकरण एवं केंद्र राज्य सरकार के लाभार्थी हितग्राहियों के साथ मुलाकात की।

हमारी सरकार की कार्य कुशलता की धमक पूरे विश्व में

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद बिसेन ने कहा कि गांव चलो अभियान हम सब कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी एवं अयोध्या में भगवान राम का मंदिर निर्माण से पूरा भारत प्रसन्न है और अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहा है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का 500 वर्ष पुराना मंदिर निर्माण कराकर देश के स्वभिमान को लौटाने का ऐतिहासिक कार्य किया है और हमारी सरकार ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय दिया है। डॉ. बिसेन ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यो की गूंज पूरे विश्व में है और इससे भारत की धमक बढ़ी है । उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने गरीब कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचाकर विकसित संकल्प भारत यात्रा का आयोजन के माध्यम से लाभ दिलाने का कार्य किया है। हर व्यक्ति हर परिवार हर समाज आपकी सरकार आपके द्वार आपकी योजनाओं से जुड़ चुका है। यह प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण गारंटी का परिचायक है। उन्होंने कहा कि केन्द्र/राज्य सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों एवं धार्मिक मठ-मंदिरों,गणमान्य नागरिकों को भी हम पार्टी से जोड़ने का अभियान इसी गांव चलों के तहत करना है। उन्होंने कहा कि जो विस्तारक गांव-गांव में शामिल होने वाले युवाओं का डॉ. बिसेन ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह सनोडिया सहित मंडल के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

अनेक युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

डॉ. ढाल सिंह बिसेन प्रवासी कार्यकर्त्ता के रूप में सिल्लेर में पूरे दिन पार्टी द्वारा निर्धारित संगठनात्मक कार्यो को करते हुये रात्रि में ग्राम के नीलकंठ सनोडिया के निवास पर रात्रि विश्राम किया एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ भोजन कर स्थानीय कार्यकर्त्ताओं एवं ग्राम के प्रभावी व्यक्तियों से मुलकात की । इस दौरान बड़ी सं या में बूथ के अनेक युवाओं ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की । भाजपा बताया कि पार्टी द्वारा निर्धारित ग्राम में प्रवासी कार्यकर्त्ता के रूप में 24 घंटे के अभियान के माध्यम से हमें सर्वसमाज के व्यक्ति को जोड़ना है और मतदाता सूची में नाम बढ़ाने और घटाने की प्रक्रिया के साथ अपने बूथ को मजबूती प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है।

भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने आपेक्षित नेता दिल्ली रवाना

सिवनी यशोः - भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 17 एवं 18 फरवरी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहा है । इस अधिवेशन में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सहित सभी आपेक्षित जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी जिले शामिल होंगे । जिले इस राष्ट्रीय अधिवेशन के लिये आपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शुक्रवार को दिल्ली के लिये रवाना होंगे । भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी द्वारा जारी विज्ञति में बताया गया है कि 16 फरवरी को जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सांसद, विधायक, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक समेत जिनको भी बुलाया गया है वह रवाना होंगे ।

दी गयी जानकारी में बताया गया है कि लोकसभा विस्तारक, नगर पंचायत व जिला पंचायत के अध्यक्ष, मोर्चा, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक क्षेत्र के महामंत्री लोकसभा कलस्टर प्रभारी को शामिल होना अनिवार्य होगा।

अधिवेशन के लिये आपेक्षित नेतागण16 फरवरी को दिल्ली राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए रवाना होंगे। सूचीबद्ध नेताओं में कौन पहुंचा और कौन नहीं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जाएगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

टीसीएस में डेटा एनालिस्ट के 800 पदों की पूर्ति के लिए आवेदन आमंत्रित 21 से 24 फरवरी तक टीसीएस कै पस में होगा साक्षात्कार

सिवनी यशोः- टीसीएस (टाटा कंसलटेंट सर्विस) में डेटा एनालिस्ट के 800 पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक को किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से बीकॉम, बीएएफ, बीबीआई, बीबीए, बीबीएम, बीएमएस, बीए, बीएससी (नॉन सीएस और आईटी) स्ट्रीम नवीन स्नातक 2021, 2022, और 2023 में उत्तीर्ण होना चाहिए।

मध्यप्रदेश स्टेट इले ट्रानि स विकास कारपोरेशन के क्षेत्रीय अधिकारी श्री द्वारकेश सराफ ने बताया कि इस जॉब के लिए इच्छुक उ मीदवार 21 से 24 फरवरी 2024 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सुपर कॉरिडोर इंदौर स्थित टीसीएस कै पस में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में शामिल होने के पूर्व आवेदक को अपना ऑनलाईन जिस्ट्रेशन ढ्ढह्लह्लश्वह्य=/ठ्ठद्ग×ह्लह्यह्लद्गह्म्ह्ल.ह्रष्ठ्ठ.ष्शद्ब/ष्ठ्ठद्बश्वह्लह्य/स/ पर करना अनिवार्य है। उ मीदवार को साक्षात्कार में शामिल होने के लिए बायोडाटा की अपडेट प्रति, आईडी कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, कोविड सर्टिफिकेट और ऑनलाईन भरे गये फार्म की प्रिंट साथ में लाना अनिवार्य है।

निशा नाग लाभार्थी संपर्क अ ियान की सह संयोजक नियुक्त

सिवनी यशोः--भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा महिला मोर्चे जिला महामंत्री श्रीमती निशा नाग को लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जि मेदारी देते हुये उन्हें बालाघाट सिवनी लोकसभा के लाभार्थी संपर्क अभियान का लोकसभा सह संयोजक नियुक्त किया गया है । भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईक ने श्रीमती निशा नाग को महत्वपूर्ण जि मेदारी मिलने पर शुभकामना देते हुये कहा है कि श्रीमती नाग पूरी जि मेदारी के साथ इस कार्य को कुशलता के पूर्ण करेंगी और पार्टी उनके कार्य में पूरी तरह सहयोग करेगी ।

स्वर्णकार सोनी समाज का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम संपन्न

सिवनी यशोः-महाराष्ट्रीयन झाड़े स्वर्णकार समाज महिला मण्डल सिवनी के द्वारा आज दिनांक 14/2/2024 दिन बुधवार को 12 बजे से हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम मठ मंदिर सिवनी में रखा गया था इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मठ मंदिर भगवान भोले नाथ की पूजन कर आरती की गई इसके बाद महिलाओं द्वारा आज बसंत पंचमी के शुभ अवसर सरस्वती वंदना कर सोनी समाज के संत श्री नरहरी महाराज जी की पूजा अर्चना कर हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा

एक दूसरे को सुहाग का सामान हल्दी कुमकुम चूड़ी बिंदी प्रदान की गई संगीत का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पदमा अशोक जी भुजाडे उपाध्यक्ष श्रीमती वदना मोहन पापडे उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू प्रमोद निनावे सचिव श्रीमती सोनल संजय निनावे कोषाअध्यक्ष श्रीमती पुष्पा राजेंद्र बंगारे सदस्य श्रीमती अर्चना सुनील पापडे श्रीमती रीना सुभाष निनावे श्रीमती पदमा घनश्याम येरपुड़े लक्ष्री सुनील येरपुडे के अलावा समाज की सभी महिला सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन करते 03 ट्रै टर जप्त

सिवनी यशोः- जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल व्यापक पैमाने पर धड़ल्ले से चल रहा है।

आलम यह है कि सिवनी जिले के 02 विधायक लगातार इस मामले में मोर्चा खोले हुए हैं।जिसमें एक कांग्रेस तो दूसरे सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। यह दोनों विधायक मीडिया में बयान देने से लेकर मु यमंत्री तक को शिकायत कर चुके हैं। इनमें से एक विधायक ने तो पिछले दिनों यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया है लेकिन रेत माफियाओं के हौसले बेहद बुलंद है।

कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में भी लगातार अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल धडल्ले से दिनदहाड़े जारी है ।लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार आज खनिज विभाग की इंस्पे टर श्रीवंती पटले द्वारा अपनी टीम के साथ कान्हीवाडा थाना क्षेत्र अंतर्गत गदम नदी से दिनदहाड़े अवैध उत्खनन और परिवहन करते 02 ट्रै टरों को पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम उक्त 02 ट्रै टर को लेकर पुलिस थाना कान्हीवाडा प्रांगण पहुंची ही थी के पुलिस थाने के सामने से दिनदहाड़े एक और ट्रै टर अवैध रेत परिवहन करते हुए गुजरा जिसको देखकर खनिज विभाग और पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा किया गया और उसे भी पकड कर पुलिस थाना कान्हीवाड़ा में जंब किया गया।

आपको बता दें कि खनिज विभाग की इस कार्रवाई की जानकारी लोकल पुलिस को नहीं थी। खनिज विभाग के द्वारा अचानक की गई इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप का माहौल है।

फिलहाल खनिज विभाग और कान्हीवाड़ा पुलिस उक्त 03 ट्रै टरों को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

बसंत पंचमी पर 40 ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न

सिवनी यशोः- 14 फरवरी 2024,जिला ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वसंत उत्सव के शुभ मुहूर्त में, 40 ब्राह्मण बच्चों के साथ ही एक क्षत्रिय बालक अथर्व प्रताप सिंह ठाकुर छपारा का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। पश्चात जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद हेतु सर्व स मति से पं. दिलीप तिवारी का निर्वाचन संपन्न हुआ। दिलीप तिवारी के नाम का प्रस्ताव जिला ब्राह्मण समाज के निवृत्तमान अध्यक्ष पं.ओमप्रकाश तिवारी द्वारा रखा गया । प्रस्ताव करतल ध्वनि के साथ सर्वस मति से पास किया गया। समाज के निर्वाचन प्रभारी पं.जुगल किशोर दुबे द्वारा अनुमोदन किया गया ।

ब्राह्मण समाज के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष गण- नगर अध्यक्ष पं.अशोक तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पं.विजय तिवारी घंसौर, पं.दामोदर शु ला केवलारी, पं.श्याम नारायण पांडे लखनादौन, पं.राजेंद्र तिवारी छपारा, शिवशंकर शर्मा बरघाट, पं.अशोक पांडे बंडोल, पं.भुवन भास्कर मंगवानी, पं.अशोक मिश्रा गोपालगंज ,पं.देवेंद्र दीक्षित कुरई*, तथा नवगठित कार्य समितियां का विधिवत अनुमोदन किया गया।

ब्राह्मण समाज संरक्षक मंडल के वरिष्ठ सदस्य डॉ टर एम.एन. त्रिवेदी ,पं. परशुराम शु ला शास्त्री जी. पं.गुरुप्रसाद मिश्रा, पं.हरि नारायण तिवारी ,आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे शास्त्री, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं राजेश त्रिवेदी, आजीवन सदस्य गणों, निवृत्तमान, जिला कार्य समिति के पदाधिकारी, सदस्य ,अनुषांगिक संगठन- युवा शाखा, महिला शाखा, परशुराम वाहिनी, मंदिर समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी तथा विप्र समाज के,बड़ी सं या में उपस्थित सदस्य नर- नारियों की उपस्थिति में गरिमामयी शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण के पश्चात आचार्य पंडित सनत कुमार उपाध्याय, आचार्य पंडित विकास तिवारी सोनू महाराज, एवं विद्वान आचार्य गणो द्वारा गुंजायमान, स्वस्ति वाचन के साथ पुष्प वर्षा करते हुए समस्त विप्रजनों द्वारा शुभाशीष प्रदान किया गया। दिलीप तिवारीको जिला अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर निवृ.जिला अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष पं.भुनेश्वर शु ला द्वारा समाज का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं.प्रशांत तिवारी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन निवृत.महासचिव पं.प्रशांत शु ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजक अजय मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी *पं.गौरी शंकर तिवारी, पं. विकास तिवारी सोनू महाराज, नगर अध्यक्ष अशोक तिवारी ,डॉ संदीप उपाध्याय, परशुराम वाहिनी अध्यक्ष अखिलेश चंकी पांडे ,सूर्यकांत चतुर्वेदी,दिनेश मिश्रा, विनोद मिश्रा ,अर्पित त्रिपाठी ,रोहित शर्मा, श्रीमती शकुंतला तिवारी, श्रीमति गीता अवस्थी, श्रीमती अरविन्दजा दुबे, श्रीमती दुर्गेश्वरी शर्मा ,श्रीमती मंजू दुबे ,श्रीमती अनामिका मिश्रा श्रीमती नीतू दुबे श्रीमती राजेश्वरी दुबे* की सराहनीय भूमिका उल्लेखनीय रही।

जिला ब्राह्मण समाज संगठन का पुनर्गठन, पं.दिलीप तिवारी समाज के अध्यक्ष बने

स्वास्थ विभाग द्वारा मेडिकेटेड मच्छरदानी का किया गया वितरण

परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 और 11 के तीन सौ हितग्राहियों को दी गई मच्छरदानी

छपारा यशोः- नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विभिन्न वार्ड में मच्छरदानी का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि गुरुवार 15 फरवरी को परिषद क्षेत्र अंतर्गत संजय कॉलोनी के वार्ड नंबर तेरह महारानी लक्ष्मीबाई एवं डूंगरिया क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 भगत सिंह में स्वास्थ विभाग द्वारा मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसका शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत स्हिंह ठाकुर, वार्ड क्रमांक तैरह की पार्षद निर्मला ठकरिया, सोनम श्रीवात्री, रामेश्वर बंजारा पार्षद, प्रदीप श्रीवस्तव,चंदू श्रीवात्री एवं स्वास्थ विभाग से बीएमओ डॉ टर टी.एस.इनवाती, एमटीएस अतुल साहू, ओंकार सिंह ठाकुर एवं संबंधित एमपीडब्ल्यू आशा के द्वारा वार्ड के संबंधित हितग्राही को मच्छरदानी प्रदान की गई। साथ ही डॉ इनवाती ने बताया कि शासन की मंशा अनुसार नगर के लगभग सभी वार्डों में हितग्राहियों को मच्छरदानी का वितरण किया जाना, समय समय पर स्वास्थ विभाग द्वारा मच्छरो से फैलने वाली बीमारी डेंगू,मलेरिया,चिकनगुनिया वायरस से बचने हेतु मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करना चाहिए

शासन प्रशासन भी हर स्तर पर मलेरिया उन्मूलन हेतु अभियान चला रही हैं इसी के अंतर्गत लोगों को जागरूक करते हुए एवम उक्त मेडिकेटेड मच्छरदानी को इस्तेमाल करने हेतु आवश्यक सावधानियां भी लोगो को समझाई गई ।

जबरन नॉलेज

नए मंत्रियों को आवंटित बंगले नहीं हुए खाली, अब सरकार ने बंगला नंबर बदले, पूर्व मंत्रियों को भी आवंटन

भोपाल। राज्य सरकार ने मंत्रियों को बंगला आवंटित होने के बावजूद खाली नहीं होने पर अब एरिया और बंगला नंबर में संशोधन किया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी किए। इससे पहले सरकार ने मंत्रियों को रिक्त होने की प्रत्याशा में बंगला आवंटित किया था। यह मंत्री विधायक विश्राम गृह और निजी आवास में रहे थे। अब बंगला आवंटित करने के लिए गठित मंत्रियों की समिति की रिपोर्ट पर सरकार की तरफ से नए सिरे से मंत्रियों को बंगला आवंटित किया गया है।

नई सूची में मंत्री विजय शाह को बी-2 श्यामला हिल्स में, उदय प्रताप सिंह को बी–28, 74 बंगला, निर्मला भूरिया को बी–27,74 बंगला, चैतन्य काश्यप को बी-8, सिविल लाइन, गौतम टेटवाल को बी-21, चार इमली, लखन पटेल को बी -17, 74 बंगला, नारायण सिंह कुशवाह को बी-20, चार इमली, नरेंद्र शिवाजी पटेल को बी-2, काशयना बंगला, प्रतिमा बागरी डी-4, 74 बंगला, राधा सिंह बी-30, 74 बंगला, दिलीप अहिरवार सी-14, शिवाजी नगर भोपाल में आवंटित किया गया है। इसके अलावा विधायक उषा ठाकुर, अजय विश्नोई, ओमप्रकाश सखलेचा को भी नए आवास आवंटित किए गए हैं।

बसंत पंचमी पर दीक्षांत समारोह बुंदेली संस्कृति-संस्कार के साथ हुआ

पौधरोपण हमारे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है - राज्यपाल मंगुभाई पटेल

भोपाल । महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर का तृतीय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में बसंत पंचमी पर बुंदेली संस्कृति और संस्कार के बीच स पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह बुधवार को विश्वविद्यालय के शताब्दी हॉल के सामने आयोजित किया गया था। सारस्वत अतिथि के रूप में डॉ. मृत्युंजय महापात्रा महानिदेशक मौसम विज्ञान भारत सरकार उपस्थित रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव उपस्थित रहीं। दीक्षांत समारोह का प्रतिवेदन कुलगुरु प्रो. शुभा तिवारी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कमिश्नर सागर डॉ. वीरेन्द्र रावत, डीआईजी ललित शो यवार, कलेक्टर संदीप जी.आर., एसपी अमित सांघी एवं

विश्वविद्यालय के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल सहित जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक और उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मु यअतिथि राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की उपस्थित में शोध छात्रों, शोध निदेशकों तथा प्राध्यापकों का समूह फोटो लिया गया। इसके बाद बुंदेली परिधान में मंच तक शोभा यात्रा निकाली गई।

दीक्षांत समारोह मां सरस्वती एवं महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपप्रज्जवलन कर शुरू हुआ। राष्ट्रगान की प्रस्तुति (पुलिस बैण्ड के साथ) के बाद कुलगान वंदना, सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 38 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं उपाधि से स मानित करते हुए बधाई दी। इस दौरान विश्वविद्यालय के समाचार पत्र छत्राछाया तथा स्मारिका दीक्षावाणी का विमोचन किया गया और उपाधिधारकों को शपथ भी दिलाई गई।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि कुलपति को अब कुलगुरू कहा जाएगा। महाराजा छत्रसाल की वीर भूमि आल्हा-ऊदल जैसे वीर योद्धाओं और केन-बेतवा नदियों की पावन धरा बुन्देलखण्ड में महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होकर अत्यंत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विद्वानों के व्या यान, प्रयोगशालाओं के उ्रयन, विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निराकरण की पहल सराहनीय है। महाराजा छत्रसाल जी के नाम पर शोध केन्द्रों एवं ऋषि मार्कण्डेय उद्यान विश्वविद्यालय परिसर (गुरैया) में 5 हजार पौधे के रोपण और विश्वविद्यालय के हर एक प्रयास में सेना के अधिकारियों का मार्गदर्शन भी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हर एक के जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। विश्वविद्यालय की पहचान उसकी शैक्षणिक कुशलता और संस्कारित युवाओं के निर्माण केन्द्र के रूप में होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपील करते हुए कहा है कि 2047 तक विकसित भारत बनाना है। हर एक बच्चा मातृ भूमि को अपने में जो सोच है उसे आगे बढ़ाएं और अपनी राय दे उन्होंने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों में गई। जो लाभ से वंचित रह गए है। उन्हें लाभ दिया गया है। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि जो गरीब व्यक्ति लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें लाभ दिलाने में सहयोग करें और खुद के साथ समाज का भी सोचे और आगे बढ़े।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा डॉ. मृत्युंजय महापात्रा को मौसम विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए एमसीबीयू की ओर से डॉ टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। चित्रकला विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा बनाई गई आकर्षक पेंटिंग्स की एक आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। उन्होंने चित्रकला की सराहना की।

प्रदेश में मार्च से शुरू होगा जल-हठ अभियान, पंचायत स्तर के तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

भोपाल। प्रदेश में जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण, जल संवर्धन और वर्षा जल की उपयोगिता को बढ़ावा देने के लिए जल हठ अभियान की शुरुआत की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री के विधानसभा कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने संयुक्त रूप से बैठक में प्रदेश की जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और जल क्षमता को बढ़ाने के लिए चर्चा की।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन अनुसार प्रदेश में प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संचयन के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। प्रदेश में पंचायत स्तर पर स्थित 10 हे टेयर क्षेत्रफल से छोटे तालाबों में वर्षा का जल रोकने, जल भराव के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके चारों ओर की मेढ़ को व्यवस्थित करने के लिए जन अभियान चलाया जाएगा।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल हठ अभियान को आंदोलन के रूप में चलाने के लिए जन भागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। जल हठ अभियान को प्रभावी रूप से देने के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 200 से 250 तालाबों को उनके पुरातन स्वरूप में लाया जायेगा। मंत्री श्री सिलावट ने कहा की हमारी ऐतिहासिक विरासत में चोल, गोंड, संस्कृति में जल परिवहन और जल संरचनाओं को सबसे व्यवस्थित माना गया है जो आज भी हमारे लिए आदर्श है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जल हठ अभियान को धरातल पर उतारने के लिए माइक्रो-प्लानिग के साथ काम किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इसके लिए एक मॉडल विकसित करेगा, जिसमें मनरेगा से बजट का प्रावधान कर अभियान की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिले के तालाबों को चिन्हित कर व्यवस्थित करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी और बजट प्रावधान के साथ धरातल पर कार्य रूप में परिणित किया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रदेश स्तर पर इसके लिए रणनीतिक रूप से एक मॉडल बनाया जाएगा और ए.बी.सी. ग्रेडिंग कर तालाबों के गहरीकरण, पेचिंग, बंधान और पौधारोपण के काम की शुरुआत की जाएगी।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तालाबों पर अतिक्रमण को हटाने के लिए जिलों के राजस्व अमले को निर्देश किये जायेंगे। राजस्व विभाग द्वारा इन सभी तालाबों का सीमांकन किया जाएगा और जल भराव वाले क्षेत्रों को अंकित कर उनको अतिक्रमण मुक्त करने का कार्ययोजना वृहद रूप से किया जायेगा।

बैठक में सहमति जताई कि प्रथम चरण में प्रदेश के 250 तालाबों की जल संवर्धन तथा जल संरक्षण कार्य योजना अनुसार 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाये।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मु य सचिव श्री राजेश राजौरा ने कहा कि जल संसाधन विभाग इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्लांटेशन के काम को भी करेगा। साथ ही ऐसे तालाबों को भी संरक्षित करने का कार्य किया जाएगा, जिससे आस-पास की आबादी को पेयजल और भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में वर्षा की असामान्य स्थिति को देखते हुए वर्षा के जल को रोकना और उसका बेहतर उपयोग बहुत जरूरी है, जल हठ अभियान इसमें एक मील का पत्थर साबित होगा। बैठक में प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास श्री विवेक पोरवाल, प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव, जल संसाधन के ईएनसी श्री शिशिर कुशवाह, और विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बेरोजगारी के मुद्दे पर युवा कांग्रेस ने घेरी विधानसभा

भोपाल। राजधानी भोपाल में युवा कांग्रेस ने युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे पर विधानसभा का घेराव किया। पुलिस ने उन्हें विधानसभा तक नहीं पहुंचने दिया और कांग्रेस द तर के पास ही बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत अन्य नेताओं को गिर तार भी किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द तर से अपना प्रदर्शन शुरू किया। वह विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। रास्ते में ही पुलिस ने रेड क्रॉस हॉस्पिटल पर उन्हें रोका और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का भी इस्तेमाल किया। इस प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय

अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, झाबुआ विधायक और मध्यप्रदेश के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे।

दो लाख रोजगार देने का वादा था

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि नई सरकार ने वादा किया था कि सरकार के कार्यकाल के पहले ही साल दो लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। ताकि हर परिवार को रोजगार के साधन दिए जा सके। लेकिन यह लोग तो ऑनलाइन जुए को लीगलाइज कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में अभिभावकों ने नौकरियों के लिए भाजपा को वोट दिया था, उनके बच्चों को गै बलिंग खिलाने की अनुमति देने के लिए नहीं। इस वजह से युवाओं ने गै बलिंग सरकार (भाजपा) के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है।

भाजपा की 'गै बलिंग' सरकार

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार एक गै बलिंग सरकार है। यह एक ऐसी गै बलिंग सरकार है जिसने राज्य के युवाओं को जुए-सट्टे के तौर पर नया काम दे दिया है। मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार एक रिमोट कंट्रोल सरकार है, जो दिल्ली से संचालित होती है। आज हम राज्य विधानसभा का घेराव करने जा रहे हैं।

बैतूल में आदिवासी युवक को बेरहमी से पीटने वाले दो आरोपित भोपाल से गिर तार

बैतूल पुलिस दोनों आरोपितों को लेकर रवाना। इंदौर भागने की फिराक में थे आरोपित। अरेरा हिल्स थाना पुलिस ने किया गिर तार।

भोपाल । भोपाल की अरेरा हिल्स पुलिस ने गिर तार कर लिया है। इस मामले में एक आरोपित पहले ही गिर तार हो चुका है। जबकि एक आरोपित अब भी फरार है। घटना से नाराज सीएम डा. मोहन यादव ने बैतूल के एसपी को बुधवार देर रात हटा दिया था। इतना ही नहीं, प्रशासन ने मु य आरोपित के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया था।

इस तरह मिला सुराग

अरेरा हिल्स थाना प्रभारी सुनील मेहर के मुताबिक बैतूल के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवक को नग्न का उल्टा लटकाकर बेरहमी से आरोपितों ने पिटाई की थी। इसका वीडियो भी इंटरनेट मीडिया के अलग-अलग माध्यमों पर बहुप्रसारित हुआ था। इस मामले में बैतूल पुलिस ने मो. सोहेल पिता सलीम कपूर निवासी पटेल वार्ड मुलताई को गिर तार कर लिया गया था। जबकि चैट उर्फ सौराब, फैजल और उनके साथी फरार चल रहे थे। इनको लेकर भोपाल पुलिस के आला अधिकारियों से सूचना मिली थी। देर रात में गश्त के दौरान दो संदिग्ध घूमते दिखाई दिए। संदेह के आधार पर उन्हें पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम चैट उर्फ सौराब और फैजल बताए। साथ ही उन्होंने बताया कि वह भोपाल फरारी काटने के लिए आए थे। इसके बाद भोपाल पुलिस ने बैतूल की कोतवाली पुलिस को खबर दी और आरोपितों को उनके हवाले कर दिया। अब पुलिस एक और आरोपित की तलाश कर रही है।आरोपित चैट उर्फ सोराब की आपराधिक पृष्ठभूमि है। उस पर पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज हो चुके हैं।

इंदौर भागने की फिराक में थे

दोनों आरोपितों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि यहां से इंदौर जाने की उनकी योजना थी। दोनों ऐसा कर पाते, उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर लिया। हम बता दें कि इस मामले को लेकर विधानसभा में भी बुधवार को काफी हंगामा हुआ था।

गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए समय-सीमा में पूर्ण की जाए निर्माणाधीन परियोजनायें - मंत्री सिंह

लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत वृहद् परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

भोपाल । गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माणाधीन परियोजनाओं को पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। मंत्री श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग की वृहद परियोजना की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न इकाई समन्वय बनाकर कार्य करें।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोकनिर्माण के कार्यों से लोककल्याण हो हम इस विज़न के साथ कार्य करें। निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाये। परियोजनाओं में देरी के कारणों का

पता लगाएं और तत्काल समस्या का निराकरण कर परियोजनाओं को पूर्ण कराएं। गुणवत्ता एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये नियमित रूप से इंपै ट वैल्यू टेस्ट, यूब टेस्ट, सिल्ट कंटेंट टेस्ट, रोड रिलेटेड टेस्ट, कंक्रीट कंपेसिव स्ट्रैंथ टेस्ट, स्लंप टेस्ट कराए जाएं। उन्होंने कहा कि विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों की विभिन्न यूनिट्स समन्वय बनाकर कार्य करें।

मंत्री श्री सिंह ने लोकनिर्माण विभाग अन्तर्गत भवन, सेतु, एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई के द्वारा कराये जा रहे 100 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सड़क निर्माण अन्तर्गत उज्जैन रिंग रोड, कोलार 6 लेन रोड, पद्दी रामनगर घुगनी सलवाद मार्ग की वर्तमान भौतिक प्रगति की समीक्षा कर कोलार 6 लेन में हो रही देरी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने सेतु निर्माण अन्तर्गत भोपाल मैदा मिल रोड लाई ओवर, इंदौर एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण, भवन निर्माण अंतर्गत कुथनी मेडिकल कॉलेज, मंदसौर मेडिकल कॉलेज निर्माण, एनएचएआई अंतर्गत जबलपुर में एलिवेटेड कॉरिडोर एवं जबलपुर रिंग रोड के वर्तमान भौतिक प्रगति की समीक्षा कर समस्त कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस दौरान प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री अविनाश लवानिया और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 7 हजार 800 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

भोपाल । प्रदेश में सरकारी स्कूलों में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क ई-स्कूटी देने की योजना शुरू की गई है। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पिछले शैक्षणिक सत्र 2022-23 में इस योजना का लाभ प्रदेश के 7 हजार 800 विद्यार्थियों को दिया गया। इन विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई-स्कूटी प्रदान की गई। पुरस्कृत विद्यार्थियों ने नियमित परीक्षार्थी के रूप में अपनी शाला में कक्षा 12वीं की परीक्षा में समस्त संकाय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये हैं। योजना में लाभ प्राप्त करने वाले चयनित विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी के लिये अधिकतम 90 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है।

2.50 लाख विद्यार्थियों को दिलाई गई व्यवसायिक शिक्षा

स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए व्यवसायिक शिक्षा देने की योजना शुरू की है। पिछले शिक्षा सत्र में प्रदेश ने 1540 स्कूल में 12 ट्रेड्स में करीब 2 लाख 56 हजार विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा दिलाई गई। विद्यार्थियों को एग्रीकल्चर, अपेरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैंकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलॉ ट्रकल्स एण्ड हार्डवेयर, मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट, आईटी विद्या में निःशुल्क व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया ।

भारत के विनिर्माण विकास में प्रदेश की सहभागिता पर कार्यशाला में वक्ताओं ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

भोपाल। नीति आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में वक्ताओं ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र को तेज गति देने से भारत के समग्र आर्थिक विकास, संरचनात्मक परिवर्तन, जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विविधीकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। विनिर्माण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने की भी क्षमता है।

सत्र में विनिर्माण अंतराल का आकलन करने, जरूरतों और चुनौतियों की पहचान करने और भारत की एक विनिर्माण केंद्र के रूप में क्षमता का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अध्यक्ष ने भारत के बड़े घरेलू बाजार को एक अवसर के रूप में रेखांकित किया और प्रचुर मात्रा में श्रम उपलब्धता पर जोर दिया। भारत के लिए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने का यह एक आदर्श समय है। विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों, सफलता की कहानियों और विनिर्माण वृद्धि को विकसित और बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों को साझा किया।

ऋषि टॉडन (टाटा मोटर्स) ने विनिर्माण उद्योगों के लिए सरकारी समर्थन पर प्रकाश डाला। इसमें विभिन्न राज्यों द्वारा ईवी नीतियों को लागू करने का उदाहरण दिया गया। उन्होंने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश सरकार सरकारी कर्मचारियों के बीच ईवी अपनाने को प्रोत्साहित कर सकती है और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी स्थापित कर सकती है।

बालाजी टी (बेन एंड कंपनी) ने एक उद्योग के आसपास एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सुझाव देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश, लैंडलॉक होने के बावजूद, मांग पैदा करने के लिए पास के बंदरगाहों और हब से जुड़ सकता है। उन्होंने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा सुविधाएं प्रदान करने और अनुकूल वातावरण बनाने के महत्व पर बल दिया।

आदित्य श्रीवास्तव (वीई कमर्शियल्स) ने मध्यप्रदेश में कई विनिर्माण संयंत्र चलाने की अपनी सफलता की कहानी साझा की, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र से अनुसंधान एवं विकास समर्थन के महत्व पर जोर दिया गया। कुणाल ज्ञानी (सर्व फोम) ने शुरुआत से व्यवसाय बनाने की अपनी यात्रा साझा की और एमएसएमई द्वारा सामना किए जाने वाली चुनौतियों को उजागर किया। उन्होंने लैंडलॉक होने के नुकसान को कम करने के लिए पूंजी तक आसान पहुंच, समर्पित माल गलियारों और मजबूत एफटीए का सुझाव दिया। अजय कुमार वर्मा (भेल के पूर्व महाप्रबंधक) ने विनिर्माण वृद्धि प्राप्त करने में मानव संसाधनों के महत्व पर जोर दिया और कार्यबल की देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। संजय भायानी (उद्योग विशेषज्ञ) ने उन्नत तकनीक और प्रशिक्षित जनशक्ति को शामिल करने, एक प्रेरक वातावरण बनाने और औद्योगिक विकास के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ. साहू ने सत्र का सारांश देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता, सरकार द्वारा विकास को गति देने के प्रयासों और बांग्लादेश और वियतनाम के उदाहरणों के आधार पर भारत के विनिर्माण केंद्र बनने की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने श्रम-गहन विनिर्माण क्षेत्र में संभावनाओं को उजागर किया।

ग्लोबल स्किल्स पार्क के विद्यार्थियों का हो रहा शत प्रतिशत प्लेसमेंट - राज्य मंत्री टेटवाल

भोपाल । संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क के विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हो रहा है। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने यह बात ग्लोबल स्किल्स पार्क के छठवें बैच के विद्यार्थियों को विभिन्न क पनियों के नियुक्ति पत्र देते हुए कही। छठवें बैच के 84 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न क पनियों में हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क और आईटीआई के माध्यम से कौशल युक्त-बेरोजगार मुक्त मध्यप्रदेश बनाने के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण किया जायेगा।

मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से ग्रामीण क्षेत्र में छिपे हुनर का विकास करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना में पर परागत व्यवसायों से जुड़े युवाओं को प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें स्व-रोजगार स्थापित करने के लिये लोन भी दिलाया जायेगा। सरकार का प्रयास है कि युवा अब नौकरी के लिये नहीं भटके। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा

कि भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश कौशल विकास परियोजना के तहत 10 नये आईटीआई खोले जायेंगे। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि ग्लोबल स्किल्स पार्क के विद्यार्थी जहां भी जाएंगे, वहां नाम रोशन करेंगे।

मंत्री श्री टेटवाल ने ट्रेनर श्री आकाश तिवारी और कमलेश प्रसाद को बेस्ट ट्रेनर अवार्ड प्रदान किया। उन्होंने बेस्ट आउट्पोझ़ अवार्ड अभिषेक मालवीय और अब्दुल तारिक वारसी को प्रदान किया। उल्लेखनीय उपलब्धी हासिल करने वाल विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र वितरित किये। मंत्री श्री टेटवाल ने नियोक्ताओं को भी स मानित किया।

ग्लोबल स्किल्स पार्क के सीनियर डायरेटर श्री शमीमुद्दीन ने बताया कि वर्दे भारत ट्रेन के कुछ पार्ट्स भी ग्लोबल स्किल्स पार्क में बनेंगे। यहां से निकले छात्र विभिन्न क पनियों में बेहतर काम कर रहे है। ग्लोबल स्किल्स पार्क के सीईओ श्री रामरामालिंगम ने कहा कि जिंदगी में कभी सीखना नहीं छोड़ें। पार्क के डायरेटर श्री जीएन अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित

सिवनी यशोः- महिला एवं बाल विकास, परियोजना-कुरई अन्तर्गत ग्राम-पचधार में आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु 26 फरवरी 2024 तक, कार्यालयीन समय एवं दिवसों 11 बजे से सायं 04.30 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, परियोजना-कुरई में स्थानीय निवासी आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

अवैध शराब के उत्पादन, परिवहन एवं विक्रय पर जारी सतत कार्यवाही

सिवनी यशोः- कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के आदेशों के आदेशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 05 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक वृत्त उत्तर में 14 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 68.0 ब.ली.मदिरा एवं 725 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 88820/-रू. को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह दक्षिण में 11 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 48.0 ब.ली. मदिरा एवं 1600 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 171520/-रू., वृत्त शहर में 14 प्रकरण 60.06 ब.ली. मदिरा एवं 660 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 81506/-रू., वृत्त लखनादौन में 08 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 23.52 ब.ली. मदिरा एवं 00 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 6220/-रू. तथा वृत्त घंसौर में 07 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 29.06 ब.ली. मदिरा एवं 225 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 30392/-रू. जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

रोगी कल्याण समिति की बैठक 20 फरवरी को

सिवनी यशोः- सिविल सर्जन सह मु य अस्पताल अधीक्षक व रोगी कल्याण समिति के सचिव द्वारा जानकारी दी गई की रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सिवनी की कार्यकारणी समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में मंगलवार 20 फरवरी 2024 को सायं 05:30 बजे जिला चिकित्सालय सिवनी के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के लिये आयोजित हुई प्रीसिटिंग

सिवनी यशोः- माननीय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री राजेश कुमार गुप्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशानुसार एवं श्री विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी की उपस्थिति में आगामी 09 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली नैशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु 13 फरवरी 2024 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में समय दोपहर 02:00 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में विकास शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी ने आगामी आयोजित होनेवाली नैशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति के राजीनामा योग्य प्रकरणों की समीक्षा कर अधिक से अधिक सं या में प्रकरणों का निराकरण किये जाने के संबंध में न्यायाधीशगणों एवं अधिवक्ताओं से चर्चा की। बैठक में के.एम. अहमद प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, ब्लवीर सिंह धाकड़ तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी एवं अधिक सं या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

समारोह पूर्वक संपन्न हुआ भूतपूर्व सैनिक रैली

सिवनी यशोः- गुरूवार 15 फरवरी 2024 को सातफेरे लॉन ड्राण्डासिवनी में सिवनी एवं बालाघाट जिले के भूतपूर्व सैनिकों का मिलन समारोह का कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री आर के सिंग एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल ऐ के दास सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को संबोधित कर विधायक श्री दिनेश राय ने भूतपूर्व सैनिकों को उनके द्वारा की गई सेवाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उन्होंने विधायक निधि से सैनिकों के लिए रेस्टहाउस बनाये जाने के लिए 20 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने कहा की आप सभी देश की शान हैं तथा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा की आप अपनी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। आपकी समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक श्री सिंग द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के शौर्य अद य साहस की सराहना की गई। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा भूतपूर्व सैनिकों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही साथ प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह का भी वितरण भूतपूर्व सैनिकों को किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

जिला चिकित्सालय में सोमवार से शुक्रवार तक बनाये जा रहे दिव्यांग प्रमाण पत्र

सिवनी यशोः- सिविल सर्जन सह-मु य अस्पताल अधीक्षक सिवनी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय सिवनी में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये जा रहे हैं। विकासखंड स्तर पर आयोजित दिव्यांग शिविरों में बनाए गए ऐसे दिव्यांग प्रमाण-पत्र जो अपूर्ण है एवं त्रुटिपूर्ण है ऐसे दिव्यांग प्रमाण पत्रों का यूडीआईडी कार्ड जनरेट नहीं हो पा रहे हों ऐसे सभी दिव्यांगजन जिला चिकित्सालय सिवनी में अपने पुराने दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की छायाप्रति लेकर प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार तक कक्ष क्रमांक 10 में उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करवाकर यूडीआईडी कार्ड जनरेट करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9584674590 एवं 9407315544 में संपर्क किया जा सकता है।

रुकमणी श्रीकृष्ण विवाह का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- रामकृष्ण महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा वार्ड में जारी भागवत कथा के दौरान गुरुवार को श्रीकृष्ण रे मणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक कन्हैया जी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कल्यवान का वध, उद्धव गोपी संवाद, ऊद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रे मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रे मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रे मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रे मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। दूर से श्रीकृष्ण की बारात आई जिसकी अगवानी की गई और मंच पर बकायदा विवाह समारोह का आयोजन हुआ। भक्तों ने विवाह के प्रसंग पर जमकर फूल बरसाए। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रभी कृष्ण-रे मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र, श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रे मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत रुप से कथा सुनाई। इस मौके पर बड़ी सं या में भक्त मौजूद रहे।

सदभाव मैत्री टूर्नामेंटः आज दो मैच खेले जायेगे

सिवनी यशोः- पॉलिटेंक्निक मैदान में खेली जा रही 40+ वेटरन्स टूर्नामेंट के अंतर्गत आज दिनांक 15 फरवरी को दो मैच खेले गए जिसमे पहला मैच सिंघम और यंग हीरो छपारा के मध्य खेला गया जिसमे सिंघम के कप्तान अभिराज ने टॉस जीतकर यंग हीरो को बेटिंग के लिए आमंत्रित किया यंग हीरो निर्धारित 10 ओवर में 76 रन बना सकी जिसे सिंघम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से प्राप्त कर लिया इस मैच में मैन आफ दी मैच अभिराज ठाकुर रहे, दूसरा मैच जिले की मानी हुई टीम यंग हीरो छपारा और पत्रकार 11 के मध्य खेला गया जिसमे छपारा ने टॉस जीतकर पत्रकार 11 के कप्तान अयोध्या प्रशाद विश्वकर्मा को फील्डिंग के लिए आमंत्रित किया यंग हीरो छपारा ने पत्रकार 11 के सामने 108 रन का लक्ष्य रखा पत्रकार 11 की शुरुवात अच्छी रही पर अंत में लगातार विकेट गिरने से लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गई इस मैच का आकर्षण वाहिद खान की हेक्टिक और चंटू सोनी का ताबड़तोड़ अर्ध शतक रहा जिसके लिए उन्हें मैन आफ दी मैच चुना गया आज के दोनो रोमांचक मैच के निर्णायक संदीप दुबे, बंटी यादव, ऋषिकांत त्रिवेदी, प्रकाश श्रीवास्तव और दिनेश हड़प रहे, आफ लाइन सकोरिंग निशांत तिवान और ऑनलाइन सकोरिंग की जि मेदारी टिंकू ठाकरे और शानू श्रीवास्तव ने वही कमेंट्री से सबका दिल जितने का काम नीरज श्रीवास्तव और भूपेंद्र ठाकुर ने किया वही आज के ऐतिहासिक मैच के शाक्षी थे बाबा ऑनलाइन,करम सिंह, राजेश यादव, जय श्रीवास्तव, ओम सराठे, आशीष , अनिल जायसवाल, नीरज वर्मा, दीपक तिवारी, उदित और समीती और सदभाव के सभी सदस्यों के साथ अन्यें लब के सदस्यगण, आज दिनांक 16 फरवरी को इस ऐतिहासिक मैदान में 2 मैच खेले जायेंगे जो शानदार होनी की उ मीद है*

गीतेश पवन और साहिल ने छपारा नगर को किया गौरांवित

छपारा यशोः- राष्ट्रीय खेल ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में 08/02/2024, से 09/02/2024 को अमृतसर में आयोजित की गई जिसमें छपारा महाविद्यालय में अध्यनरत बीए द्वितीय वर्ष के छात्र गीतेश सिंह प्रजापति वा साहिल खान और बीए फाइनल ईयर के छात्र पवन यादव ने छपारा महाविद्यालय की तरफ से जूडो में अपना जौहर दिखाए और अपने माता-पिता नाम रोशन करने के साथ-साथ छपारा नगर को गौरवान्वित किया

तीनों छात्र की सफलता में वह मार्गदर्शन में महाविद्यालय के भारत खेलकूद अधिकारी डॉ कादिर खान सर का विशेष योगदान रहा तीनों छात्रों की इस सफलता के लिए छपारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बेलवंशी सर एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने तीनों छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की है और इससे पहले भी तीनों छात्रों ने महाविद्यालय स्तर से लेकर जिला संभाग राज्य विश्वविद्यालय स्तर तक की अलग-अलग खेल विधाओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है नगर वासियों ने भी तीनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की

बसंत पंचमी सरस्वती पाटी पूजन संस्कार एवं विद्या आरंभ कार्यक्रम मनाया

छपारा यशोः- नगर के विद्या भारती श्री आदर्श सरस्वती शिशु उ.मा.विद्यालय मैं बसंत पंचमी सरस्वती पाटी पूजन संस्कार एवं विद्या पर्व कार्यक्रम मनाया गया। विदित हो कि बुधवार 14 फरवरी को बड़े हर्ष और उत्साह के साथ विद्यालय प्रांगण में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मु य अतिथि के रूप में समिति के सदस्य सोहन कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सोहन कश्यप द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की वन्दना की गई, पश्चात विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी और छात्र

छात्राओं के साथ उनके पालकों सहित पूरे विधि विधान से पांच कुंडी हवन किया गया

साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मां सरस्वती की सजीव चित्रण किया गया जिसमे विद्यालय के शिक्षिकाओं ने सहयोग किया साथ ही समिति के उपाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने नवीन प्रवेश के भैया बहिनों के जीव्हा पर ? लिख कर,स्लेट कलम उपहार देकर कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

विद्यार्थियों के लिए बसंत पंचमी से अध्ययन प्रारंभ करना,सकारात्मक और सुखदायी

प्रथमं भारतीनाम, द्वितीयं च सरस्वती।
तृतीयं शारदा देवी,चतुर्थ हंसगामिनी।।
पंचमं विदुषां माता,षष्ठं वाणीश्वरी तथा।
कुमारी सप्तमं प्रोक्तां,अष्टमं ब्रह्मचारिणी। ।
नवमं जगन्माता,दशमं ब्राहिणी तथा।
एकादशं तु ब्र हाणी ,द्वादशं वरदा भवेत।,,,,,,
पंचदशं श्रुतदेवी गिन्गद्यते। ।

सिवनी यशोः-जिस देवी के हाथ में वीणा,माला,धर्मग्रंथ हो,जिस देवी की वाणी की मधुरता ,वांग्मयता ने सृष्टि की नीरसता को खत्म कर ब हा जी के अनुरूप सुर,लय,ताल,बुद्धि, विवेक, विद्या और ज्ञान से मनुष्य का जीवन आलोकित किया हो।जिसकी सर्वप्रथम पूजा भगवान श्रीकृष्ण ने की हो ,ऐसी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस *बसंत पंचमी* प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण पर्व है।इस दिन से विद्याध्ययन करना,निर्गुणी को गुणी और पथभ्रष्ट को पथगामी बनाता है।

उक्ताशय के उद्गार डी पी सी रोल मॉडल ऐ सीलेंस स्कूल के चेयरमैन डॉ के के चतुर्वेदी ने व्यक्त करते हुए। सर्व समाज को साक्षर बनाने के लिए मां सरस्वती की स्तुति, वंदना,परिवार, समाज,और राष्ट्र की चेतना में बसाना,राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है।

आयुष्मान भारत योजना के लाभ से श्री चंद्रहास चौधरी का हुआ निःशुल्क हिप रिप्लेसमेंट

सिवनी यशोः- शासन की आयुष्मान भारत योजना आज गरीब असहाय लोगों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। आयुष्मान भारत ''निरामयम'' योजना का उद्देश्य गरीब एवं असहाय परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण इलाज की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। आयुष्मान कार्ड धारक परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रूपये तक का मु त ईलाज का लाभ प्राप्त हो रहा है।

योजना से ऐसे ही लाभार्थी नगरीय क्षेत्र बरघाट के वार्ड नंबर 9 के निवासी 44 वर्षीय श्री चंद्रहास चौधरी भी हैं। श्री चौधरी बताते हैं कि विगत वर्ष उनके हिप्स में खराबी आ गई थी, जिसके कारण चलने फिरने एवं बैठने में कठिनाई होती थी। श्री चौधरी द्वारा उक्त परेशानी को लेकर चिकित्सकों को दिखवाने में चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन कर उक्त समस्या को दूर करने की सलाह दी गई। जिसके बाद मैने बिसेन मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल सिवनी में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सफलता पूर्वक निःशुल्क हिप रिप्लेसमेंट का इलाज हुआ। उपचार उपरांत में अब पूर्णतः स्वस्थ हूं। आयुष्मान भारत योजना के द्वारा निःशुल्क उपचार होने पर श्री चौधरी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं योजना को धन्यवाद देते हैं।

कूडो बेल्ट एग्जाम संपन्न

सिवनी यशोः- पिछले कई महीनो से जिला कूडो एसोसिएशन ऑफ सिवनी द्वारा खिलाड़ियों को कूडो (जापानी मि सड कॉ बैट स्पोर्ट्स) का प्रशिक्षण मु य प्रशिक्षक गोपाल कुशवाहा द्वारा खिलाड़ियों को दिया जा रहा है जिसमें खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भागीदारी की है इसी संदर्भ में जिला संस्था द्वारा येलो बेल्ट एग्जाम एवं टॅो नकल कैप का जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सेंट नॉबर्ट स्कूल केवलारी में दिया गया। जिसमें खिलाड़ियों को गेम की एडवांस तकनीक के साथ ही मानसिक और शारीरिक रूप स्वास्थ रहने की जानकारी दी गई। जिसमे एलिना

थॉमस,दिव्या अवधिया, आर्य तिवारी, तेजस्विनी तिवारी, रा या अवधिया, मनहा खान, तरुण राय, अतिशय जैन, अभिजीत राजपूत ने कड़ी मेहनत करके अपने बेल्ट एग्जाम में सफलता अर्जित की बेल्ट एग्जाम एवं एडवांस तकनीक की जानकारी खिलाड़ियों को गोपाल कुमार कुशवाहा द्वारा दी गई । इसी उपलब्धि पर कूडो संघ के अध्यक्ष संजय सोनी,उपाध्यक्ष सुभम सोनी , उपसचिव निलेश, कोषाध्यक्ष उत्तम डहेरिया, स्कूल के चेयरमैन बाबूमोन पीटर, छिद्दीलाल श्रीवास, प्रदीप साहू ,अभय टेकाम ,शीतल नामदेव, संदीप नेमा, धीरज पल,अंकित मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

प्रधानमंत्री जनमन में विशेष जनजाति क्षेत्रों में 194 नवीन आंगनवाडी केन्द्र खुलेंगे

महिला बाल विकास मंत्री ने माना आभार - श्रीमती भूरिया

भोपाल । प्र धानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) कार्यक्र म के अंतर्गत ÷सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0÷ के अंतर्गत विशेष जनजाति क्षेत्र (पीवीजीटी) क्षेत्र में केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्वीकृति दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया ने इसके लिये केन्द्र सरकार का आभार माना है। नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खुलने से विशेष जनजाति क्षेत्रों के बच्चों को आंगनवाड़ी के माध्यम से उचित पालन-पोषण में सहायता मिलेगी।

प्रदेश के 20 जिलों में खुलेंगे 194 आंगनवाड़ी केन्द्र

प्रदेश के 20 जिलों में शिवपुरी में 34, श्योपुर में 33, शहडोल 23, उमरिया 23, गुना 14, डिंडोरी 12, अशोकनगर 10, अनूपपुर 7, मंडला 6, विदिशा 5, बालाघाट 5, ग्वालियर 5, दतिया 4, जबलपुर 3, सीधी 4, मुरैना 2 एवं कटनी, छिंदवाड़ा, भिंड और रायसेन में 1-1 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों को मिलाकर कुल 194 नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र खुलेंगे।

नेकी की दीवार के माध्यम से हुआ निः शुल्क कपड़ों का वितरण

सिवनी यशोः- जिला मु यालय में विगत 9 वर्षों से स्थानीय दल सागर चौपाटी में नेकी की दीवार का संचालन किया जा रहा है, जहां हर दिन शाम 6 से 8 बजे जरूरत मंद नागरिकों को गर्म कपड़े, शर्ट-पेंट व बच्चो को कपड़े उपलब्ध कराये जाते है। नेकी की दीवार के प्रमुख सदस्य जापानी जैन ने बताया कि हर वर्ष विशेष कर ठंड के मौसम में संस्थान स्वयं के खर्च पर चौपहिया वाहन के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में जरूर मन्द लोगों को कपड़े निःशुल्क वितरण का काम करती है।

इसके अलावा मकर संक्रांति व दशहरा पर्व पर नेकी की दीवार का संचालन मठ मंदिर, गणेश मंदिर छिंदवाड़ा चौक व लखनवाड़ा बैनगंगा घाट पर होता है, यहा भी निः शुल्क ऐसे पहनने योग्य कपडे जरूरत मन्दो को संस्था के मिलन पन्द्रे,अनुराग डेहरिया, बबलू तारन, दादू अखिलेंद्र नाथ,आशीष बघेल, विपिन शर्मा, सुनील बघेल, विजय चौहान, मुन्ना चन्देल के द्वारा सेवा देकर किया जाता है। गुरूवार को टीम द्वारा उपलब्ध कराए गए कपड़े का वितरण वन ग्राम जोगीवाडा में वन विभाग में पदस्थ अजय जैन के सहयोग से लगभग 100 से अधिक महिला पुरुषो व बच्चों को किया गया।

सभी बूथो में वोट प्रतिशत बढे इसकी चिंता करना है - वीरेंद्र फौजदार

विधानसभा संचालन समिति की बैठक संपन्न-

बरघाट यशोः- आदर्श लान बरघाट में 13 फरवरी को विधानसभा संचालन समिति की एक आवश्यक बैठक लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र फौजदार के मु य अतिथि में संपन्न हुई, जिसमें वीरेंद्र फौजदार ने उपस्थित संचालन समिति सदस्यों से परिचय प्राप्त कर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से चर्चा की।

वीरेंद्र फौजदार ने कहा की लोकसभा चुनाव बहुत करीब है और हम सबको इसमें पूरी तत्परता के साथ जुट जाना है, सभी बूथो पर वोट प्रतिशत बढे इसकी चिंता करना है ।हर बूथो को कैसे जीते इस पर संगठन स्तर पर सुझाव लेकर अबकी बार 400 सीटों का लक्ष्य लेकर उस पर कार्य करना प्रारंभ करें। श्री फौजदार ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव प्रचंड मतों से जीत रहे हैं और फिर एक बार माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक दीपक कॉमडे, विधानसभा प्रभारी अभिजीत चौहान ,युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गोमती ठाकुर(भाजपा जिला मंत्री) ,नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इमरता साहू ,जनपद अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आभा रंहागडाले ,राजेंद्र सिंह ठाकुर (जिला सह मीडिया प्रभारी), मंडल अध्यक्ष द्रव विवेक बिसेन, विजय रंहागडाले ,मान सिंह सनोडिया , प्रवीण दीक्षित, जितेंद्र रंहागडले व अन्य संचालन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण आज

मंडला यशोः- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 16 फरवरी को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में सभी विकासखंडों के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, से टर मेडिकल ऑफिसर, सीएचओ तथा समस्त लैब टे नीशियन 16 फरवरी 2024 को हॉटल एसएमजे महाराजपुर में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं

नर्मदा जयंती की तैयारियाँ तेज , दुल्हन की तरह सजाया जा रहा रपटा घाट

ज़िले भर के सामाजिक संगठनो द्वारा किये जायेंगे अनेक आयोजन

कले टर ने एसपी ने लिया नर्मदा जयंती की तैयारियों का जायजा

मण्डला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने रपटा एवं महाराजपुर संगम घाट का निरीक्षण करते हुए नर्मदा जयंती के तहत की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं को गहरे पानी तक न जाने दें। उन्होंने घाटों में बेरीकेटिंग एवं रस्सी लगाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने निर्देशित किया कि रपटा एवं संगमघाट सहित अन्य प्रमुख घाटों

में सुरक्षा संबंधी इंतजाम रखें। मोटरबोट से लगातार सभी घाटों में नजर रखें। उन्होंने तैराक तथा गोताखोरों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार संकेतक लगाएं। नावों पर क्षमता से अधिक सवारी न बैठने दें। नावों पर सुरक्षा जैकेट की व्यवस्था रखें। रपटा एवं संगम घाट में साउंड सिस्टम सहित कंट्रोल रूम बनाएं। इस दौरान अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, ईईपीआईयू जीपी पटले, एसडीएम सोनल सिडाम, मु य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता का संदेश देने का आव्हान भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विभिन्न धर्मगुरूओं तथा आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने आव्हान किया कि नर्मदा जयंती सहित अन्य अवसरों पर लोगों को स्वच्छता का संदेश दें। धर्मगुरू भी अपने प्रवचनों के दौरान आमजनों को नगर तथा नर्मदा जी को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करें। डॉ सिडाना ने मु य नगरपालिका अधिकारी को रपटा एवं संगमघाट में श्रमदान की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि नर्मदा जयंती पर आयोजित होने वाले भंडारों में प्लास्टिक का उपयोग न किया जाए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय मे मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

ब हनी बंजर/मंडला यशोः- सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदहा वार्ड ब हनी बंजर में बसंत पंचमी के पावन पर्व एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के अवतरण दिवस पर विद्यालय में हवन पूजन एवं शिशुओं के विद्यारंभ संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया । विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक श्री सत्यनारायण साहू जी विद्यालय प्राचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार पटेल जी एवं आचार्य परिवार भैया/बहिन मातृशक्ति अभिभावक बंधु उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ वीणावादिनी ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं द्वीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया।तत्प श्चात हवन एवं शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार किया गया और मां सरस्वती की आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

राजस्व अभियान अन्तर्गत समीक्षा बैठक 17 फरवरी को

मण्डला यशोः- राजस्व अभियान की समीक्षा बैठक 17 फरवरी 2024 को प्रातः 10ः30 बजे कले टर डॉ. सलोनी सिडाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई है जिसमें राजस्व अभियान अन्तर्गत समस्त घटकों की समीक्षा की जाएगी। जिला योजना भवन में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित वांछित जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

नर्मदा घाटों पर चला सफाई अभियान

मंडला यशोः- नर्मदा जयंती के अवसर पर नर्मदा घाटों में विविध पूजन व नर्मदा परिक्रमा कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। घाटों में स्वच्छता को बनाए रखने हेतु 21 फरवरी 2024 तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन स्वच्छता की गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। स्वच्छता गतिविधियों में नर्मदा परिक्रमा पथ, नर्मदा घाटों, यात्री प्रतिक्षालय, नाडेपो, समस्त सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। अभियान के क्रियान्वयन हेतु जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, आजीविका स्व-सहायता समूह एवं स्वयंसेवी संस्थाएं ग्राम

पंचायत का सहयोग कर रही हैं। इसी तारत य में जनपद पंचायत मण्डला की ग्राम पंचायत बड़ी खैरी के हनुमान घाट में एडीईओ, सचिव व ग्राम पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजनों की सहभागिता से नर्मदा तट की सफाई की गई। साथ ही जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत कू हा घाट, कापा घाट, पाठा नर्मदा तट एवं चकदेही घाटों के तटों की सफाई ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी एवं ग्रामीणजनों द्वारा सफाई किया गया।

नर्मदा जयंती पर स्वच्छता को लेकर 12-21 फरवरी तक चलने वाले अभियान में जिले के समस्त धर्मगुरूओं, पण्डा, पुजारियों, सर्वसमाज के अध्यक्षों, समाजसेवी, सामाजिक संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं को इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराने का आह्वान करते हुए जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि नर्मदा घाटों में कचरा, गंदगी न फेलावें, नहाने व कपड़ा धोने हेतु साबुन इत्यादि का उपयोग न करें, जल में पूजन सामग्री का विसर्जन न करें। पूजन सामग्री व कचरा स्थापित कचरा घर (डस्टबीन) में ही डालें। स्वच्छ नर्मदा को बनाए रखने हेतु अपना अमूल्य सहयोग शासन को प्रदान करें।

संगम घाट को स्वच्छ करने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया श्रमदान

मंडला यशोः- जिला प्रशासन की पहल पर 12 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत बुधवार को महाराजपुर संगम घाट में श्रमदान किया गया। नर्मदा बंजर संगम को स्वच्छ करने के लिए जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय नागरिक तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने सम्मिलित रूप से श्रमदान किया। संगम पर बाढ़ के दौरान एकत्र हुई मिट्टी को भी श्रमदान के माध्यम से हटाते हुए स्थल को समतल किया गया। साथ ही पूरे संगम क्षेत्र से प्लास्टिक, पॉलीथिन सहित अन्य कचरा जैसी चीजों को हटाने की

कार्यवाही की गई तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व बतलाते हुए उन्हें नगर तथा नर्मदा के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। महाराजपुर संगम घाट में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पार्षदगण, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट एवं अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण, प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा बड़ी सं या में स्थानीय लोगों ने सहभागिता की। जिला प्रशासन के आव्हान पर अभियान के दौरान नर्मदा जी के विभिन्न घाटों को श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता करने का प्रयास किया जा रहा है।

लाडली बहना योजना का लाभ लेकर सशक्त हुई लाडली बहना लक्ष्मी

सिवनी यशोः- प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त करने तथा उन्हें स्वावलंबी बनाने में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मु यमंत्री लाडली बहना योजना अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के माध्यम से लाडली बहनों को प्रतिमाह मिलने वाली राशि से आज 1 करोड 29 लाख लाड़ली बहनें लाभांवित हो रही हैं। विगत 10 फरवरी को लाडली बहनों के खातों में 1250 रूपये की राशि 9 वीं किस्त के रूप में पहुंची है।

प्रदेश शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की एक हितग्राही ग्राम बौंझावाडा की श्रीमति लक्ष्मी बाधू भी हैं। श्रीमती लक्ष्मी को योजना के माध्यम से प्रतिमाह आर्थिक सहायता मिलने से वह आज आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। वह अपने घर की जरूरतों को पूरा करने में योगदान देने के साथ-साथ बचत भी कर रही है। श्रीमति लक्ष्मी लाडली बहना योजना जैसी योजना की सौगात प्रदेश की महिलाओं को देने के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद कर रही है।

बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन

मण्डला यशोः-धर्मगुरू नीलू महाराज ने बताया कि सिद्ध घाट रेवा दरबार रपटा में बसंत पंचमी को सरस्वती नदी बद्रीनाथ से लाया गया पवित्र जल 15 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को चाहे किसी भी वर्ण के हों सभी को निःशुल्क पिलाया जायेगा साथ में सैकड़ों वर्ष पुराना अंबा सरस्वती का वैदिक मंत्र जो गुरु कुल परंपरा में ऋषि मुनियों के द्वारा अक्षर ज्ञान कराने से पहले दिया जाता था वह पुरातन मंत्र सिखाया जायेगा। वैज्ञानिक विश्लेषण में आया है कि हमारे मस्तिष्क के दोनों तंतु कॉरटे स और सेरीबेलम दोनों को जगाता है सकारात्मक असरकारक है। पुरातन गुरुकुल परंपरा में अक्षर ज्ञान कराने के पहले जिस वैदिक मंत्र का ज्ञान ऋषि मुनि मेधा क्षमता बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को देते थे यह मंत्र 57 में मस्तिष्क के पिरामिड पर असर करता है बीज मंत्र श्रीं 43 पर असर करता है। यह मंत्र 57 डिग्री पर मस्तिष्क की पिट्यूटरी और पीनियल ग्रन्लैंड पर प्रभाव डालकर मेधा क्षमता को अद्भुत रुप से विकसित करता है अध्यात्म विज्ञान का यह अद्भुत प्रयोग का सभी अपने बच्चों के सार्वभौमिक विकास के लिए अवश्य आजमाएं।

ग्राम पंचायत कोसमी में आज से आयुष्मान महाअभियान

प्रत्येक पात्र हितग्राही का बनेगा आयुष्मान कार्ड - गगन नगपुरे, समाजसेवी

बालाघाट - ग्राम पंचायत भवन कोसमी में आयुष्मान भारत योजना ''आयुष्मान भव-'' एवं मध्यप्रदेश आयुष्मान निरामयम् योजना के पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से 'आयुष्मान महाअभियान' का आयोजन किया गया है। जो 16 फरवरी प्रारंभ होगा। जिसमें पात्र हितग्राहियों के नये आयुष्मान कार्ड के साथ में पुराने आयुष्मान कार्ड में सुधार अथवा अपडेशन भी किया जावेगा जिससे हितग्राही अपनी जानकारी अपडेट करवा सकेगें। जिसके लिए पात्र हितग्राही को अपनी परिवार समग्र आईडी, आधारकार्ड एवं मोबाइल के साथ लाना होगा। जो हितग्राही पंचायत तक आने में असमर्थ है उनकों घर पर ही जाकर सेवाऐं प्रदान की जावेगी। आयुष्मान महाअभियान के की प्रभारी श्रीमति नूतन ताम्रकार द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपनी परिवार समग्रआईडी, आधारकार्ड एवं मोबाईल के साथ उपस्थित होने की अपील की गई। यह आयुष्मान महाअभियान श्रीमति अंबिका नगपुरे सरपंच, श्री त्रिलोक ब बुरे उपसरपंच, श्रीमति रेशमी बलोने, रोजगार सहायिका श्रीमति प्रितीका तेलासे के मार्गदर्शन में सर्च इन्फोटेक के सहयोग से आयोजित होगा।

वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना में आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण 2011 में आर्थिक रूप से कमजोर, बीपीएल कार्डधारक, कर्मकार भवन निर्माण मण्डल कार्ड धारक, पी शशनपत्रों धारक, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्ति स मलित है। आयुष्मान भारत योजना मेंपात्रता एवंईलाज के लिए अस्पतालों की जानकारी आयुष्मान विभाग की बेक्साईट हेल्प लाईन नं. 14555 पर मोबाईल के माध्यम से घर बैठे जानकारी प्राप्त कर सकते है।

दावा आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास धनौरा ने बताया कि खण्ड स्तरीय चयन समिति के द्वारा आँगनबाडी केन्द्र बेगरवानी-01 में रिक्त आँगनबाडी सहायिका पद के लिए अनन्तिम एवं वरीयता सूची जारी की गई है। उपरोक्त के विरूद्ध किसी भी अ यर्थी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 23-02-2024 समय 04 बजे तक सप्रमाण दावे / आपत्ति परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के उपरान्त दावे / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

अनंतिम एव वरीयता सूची कले टर कार्यालय सिवनी / मु य कार्यपालन अधिकारी, जिला पचायत सिवनी / जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास सिवनी/मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा / तहसीलदार कार्यालय धनौरा / संबंधित ग्राम पंचायत एवं परियोजना कार्यालय धनौरा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता हैं। विस्तृत जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना, धनौरा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। अन्य कार्यालय में प्रस्तुत दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

'निर्झरणी महोत्सव' आज शीला त्रिपाठी देगी भक्ति गीतों की प्रस्तुति

मंडला यशोः- पवित्र माँ नर्मदा के प्रति धन्यता के उत्सव के रूप में 16 फरवरी को निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रपटाघाट मंडला में शाम 6:30 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जायेगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्झरणी महोत्सव का आयोजन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन व जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है जिसमें शीला त्रिपाठी एवं साथी भोपाल द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। कार्यक्रम में नीता वर्मा एवं साथी छिंदवाड़ा द्वारा हनुमान लीला-नाट्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

ब्र हलीन हुये घाघी आश्रम के साधक महंत पुरूषोत्तम दास जी महाराज

मण्डला यशोः- ग्राम पंचायत घाघा के नर्मदा तट घाघी में पिछले लगभग 12 वर्षों से एक कुटिया में रहकर माँ नर्मदा की साधना करने वाले महंत महाराज पुरूषोत्तम दास जी ब्र हलीन हो गये। पुरूषोत्तम दास जी महाराज लगातार वर्षो से इस नर्मदा तट पर नर्मदा परिक्रमावासियों की सेवा करते रहे हैं। लोगों से सहयोग मांगकर वे इस स्थान पर परिक्रमावासियों के लिये भोजन एवं संसाधन जुटाते रहे हैं उन्हीं के प्रयास से एवं स्थानीय ग्रामीणजनों के सहयोग से इस नर्मदा तट पर एक सुंदर घाट भी बना हुआ है और माँ नर्मदा एवं

भोलेनाथ का मंदिर भी बन चुका है। पुरूषोत्तम दास जी महाराज पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे उनका जिला चिकित्सालय में उपचार भी जारी था इसी दौरान रविवार की रात लगभग 11 बजे उन्होंने भौतिक देह त्याग दी। पुरूषोतम दास जी महाराज के देहावसान के बाद उनके परिवारजनों के निवेदन पर उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम बरगवां में किया गया जहां साधु पर परा के अनुसार सारी प्रक्रिया अपनाई गई पुरूषोत्तम दास जी महाराज के पार्थिव शरीर को नहला-धुलाकर उन्हें नये वस्त्र पहनाये गये और फिर एक शोभायात्रा के रूप में बाजे-गाजे के साथ भजन-कीर्तन करते हुये पूरे ग्राम में भ्रमण कराया गया उसके पश्चात उनका दाह संस्कार किया गया। इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद जी-श्री देववण्या आश्रम, स्वामी प्रेमानंद जी- श्री निर्भय आश्रम, स्वामी शारदात्मानंद जी- श्री रामकृष्ण आश्रम, श्री रामदास महाराज जी-सहस्त्र धारा आश्रम, श्री रामेश्वरनाथ महाराज जी- खडदेवरा आश्रम, श्री तुलसी दास महाराज जी -पदमी आश्रम के साथ-साथ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, ग्राम घाघा के पूर्व एवं वर्तमान सरपंच तथा बड़ी सं या में नगरवासी एवं ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावाजंलि दी।

सी.एम.सी.एल.डी.पी. समाजकार्य के विद्यार्थियों श्रमदान किया

पुलिस थाना महाराजपुर में शैक्षणिक भ्रमण के लिए समाजकार्य के विद्यार्थी पहुंचे समाजकार्य स्नातक, स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने पुलिस विभाग के कार्यो को समझा

मंडला यशोः-म.प्र. जन अभियान परिषद जिला मंडला द्वारा माँ नर्मदा के अवतरण दिवस के पूर्व संगमघाट महाराजपुर में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम किया गया। स्वच्छता अभियान के बाद मु यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता को विकास कार्यक्रम समाजकार्य के विद्यार्थियों ने पुलिस थाना महाराजपुर शैक्षणिक भ्रमण के लिये पहुंचे। थाना में उप निरीक्षक परमार ने सभी विद्यार्थियों को पुलिस विभाग की कार्यशैली,यातायात के नियम, महिला सशक्तिकरण के लिये बनाये गये कानून एवं साइबर क्राइम के विषय पर विस्तार से बताया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में समाजकार्य स्नातक, स्नातकोत्तर के विद्यार्थी, प्रस्फुटन-नवांकुर समितियों के प्रतिनिधियों के साथ मंडला विकासखंड के परामर्शदाता रागिनी हरदहा, दीपा श्रीवास, संतोष रजक और लालाराम उपस्थित रहे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओला पीड़ितों को 148 करोड़ रुपये की राहत राशि स्वीकृत - राजस्व मंत्री वर्मा

समय- समय पर राहत राशि में यथोचित वृद्धि कर किसानों को प्रदान किया जा रहा है संबल

अभियान चलाकर राहत राशि का किया जायेगा वितरण

राजस्व मंत्री ने बताया कि कुल 3900 पात्र किसानों को 2 करोड़ 72 लाख राहत राशि स्वीकृत की गयी है।

बालाघाट । राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने विधानसभा में ओला पाला से किसानों को हुई क्षति के आंकलन और सरकार द्वारा किए जा रहे राहत प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि विगत मार्च -अप्रैल 2023 में हुई ओलावृष्टि को शामिल करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में ओला पीड़ितों को 148 करोड़ रुपये की राहत राशि स्वीकृत कर वितरित की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पाला से फसल क्षति में जिला ग्वालियर, रतलाम, रीवा, मैहर, शहडोल, सीधी में राशि रूपये 15 लाख 16 हजार वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त जिला राजगढ़ में रू. 45 लाख वितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश में माह जनवरी 2024 में मुरैना जिले की सबलगढ़ तहसील के 12 ग्रामों में ओलावृष्टि से फसल क्षति हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा तत्समय तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए अंतर्विभागीय सर्वे दल का गठन कर जिसमें राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सर्वे कार्य कराया गया। कुल 892 है टेयर रकबा प्रभावित हुआ था।

अभियान चलाकर राहत राशि का किया जायेगा वितरण

राजस्व मंत्री ने बताया कि कुल 3900 पात्र किसानों को 2 करोड़ 72 लाख राहत राशि स्वीकृत की गयी है। अभी तक 1 हज़ार 205 किसानों को राहत राशि रूपये 1 करोड़ 3 लाख 11 हजार वितरित की जा चुकी है। शेष 2695 किसानों को राहत राशि रूपये 1 करोड़ 69 लाख का वितरण किया जाना प्रक्रियाधीन है। राहत राशि वितरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर शीघ्र शेष राशि वितरित की जावेगी।

ओला वृष्टि के मामलों में त्वरित कार्यवाही

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि ओलावृष्टि के मामलों में सर्वे दल का गठन कर जाँच के आधार पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 11 फरवरी 2024 से पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों में असामयिक वर्षा व ओलावृष्टि हुई है। जिला बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, डिण्डौरी, मण्डला, सतना, सिंगरौली, पन्ना, अनूपपुर एवं छतरपुर में ओलावृष्टि उपरांत जिला प्रशासन द्वारा अंतर्विभागीय दल गठन कर सर्वे कार्य कराया जा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा भी 12 फरवरी 2024 को जिलों को पत्र जारी कर तत्काल सर्वेक्षण हेतु निर्देश दिये है। प्रारंभिक आंकलन अनुसार 34 तहसीलों में 343 ग्राम प्रभावित है। लगभग 3701 किसानों की फसल प्रभावित हुई है। जिलों द्वारा विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे उपरांत नियमानुसार पात्र किसानों को राहत राशि का वितरण किया जायेगा। राजस्व मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा होने पर पात्र किसानों को राहत राशि भुगतान की कार्यवाही तत्काल की जाती है। समय- समय पर राहत राशि में यथोचित वृद्धि कर प्रभावित किसानों को संबल प्रदान किया जाता है।

राहत राशि की दर में हुई है वृद्धि

उल्लेखनीय है कि 50 प्रतिशत से अधिक फसलक्षति होने पर राहत राशि 30 हजार प्रति हे टेयर से बढ़ाकर 32 हजार प्रति हे टेयर की गयी है। जिन मदों में 30 हजार प्रति हे टेयर से कम राशि प्रावधानित थी, उन मदों में भी अनुपातिक रूप से वृद्धि की गयी है। केला फसल उत्पादकों व कृषकों में आर्थिक सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने हेतु केला फसल हेतु मानदंडों में संशोधन कर राहत राशि में दुगुनी वृद्धि की गयी है। विगत 03 वर्षो में विभिन्न योजना शीर्षो में राशि रूपये 1 हजार 8 सौ 20 करोड़ का वितरण शासन द्वारा किसानों को किया गया है।

अनियमितता पर की गई कार्यवाही

राजस्व मंत्री ने कहा कि विगत वर्षो में ओलावृष्टि राहत राशि वितरण में भिण्ड जिले में कुछ अनियमित भुगतान की स्थिति पाई गई थी। कुल 05 पटवारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। इसके अतिरिक्त 19 पटवारियों की विभागीय जांच सस्थिति की गई थी। मुरैना जिले में अनियमित भुगतान संबंधी कोई मामला प्रकाश में नहीं है। प्रदेश में ओला/पाला गिरने से फसलों को हुई क्षति पर चर्चा में विधायक श्री सुरेश राजे, श्री भंवर सिंह शेखावत, श्री साहिब सिंह गुर्जर, श्री आशीष गोविंद शर्मा, श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, श्री कमल मर्स्कोले, श्री ओमकार सिंह मरकाम, श्री पन्ना लाल शो य, श्री मधु भाऊ भगत, श्री रामनिवास रावत और श्री कमलेश्वर डोडियार ने हिस्सा लिया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बौंझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297